SELF FINANCE COLLEGE FEDERATION
स्ववित्तपोषित महाविद्यालय संघ (पंजीकृत)
Regd. Under The Indian Trust Act 1982 of the Government of India & Govt. of U.P.
Regd. in Niti Ayog (NGO Darpan) Govt. of India
Regd. Office : 36, S.D.M. Court, Opp. Street No. 3, Sikandrabad, Distt. Bulandshahr-203205 (U.P.)

O/C

Ref. No:-2025/05/SFCF/107 **Date:** - 26.05.2025

सेवा में,

माननीय कुलपति जी,

चौधरी चरण सिंह विवि0 मेरठ।

विषय :— समर्थ पोर्टल के माध्यम से हो रहे प्रवेश पंजीकरण—2025 में व्याप्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में।

महोदय/महोदया,

आप जैसा की अवगत ही है की वर्तमान सत्र में प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है। इस पोर्टल को जिस तरह से लागू किया गया है उससे छात्रों को समस्या हो रही है और आने वाले समय में इस समस्याओ से संस्थान एवं विवि भी प्रभावित होगा। समर्थ पोर्टल से पहले जो भी पोर्टल (ईआरपी) संचालित किये गए थे उन सभी में समर्थ पोर्टल अत्यधिक जटिल है और इसकी समस्याओ का समाधान त्वरित रूप से नहीं हो पा रहा है जो की पहले विवि0 स्तर पर हो जाता था। वर्तमान में छात्रों को पंजीकरण के समय 03 कॉलेजो के चयन का विकल्प दिया गया है जो की पूर्व व्यवस्था के अनुसार ही है लेकिन पोर्टल पर केवल एक कॉलेज का ही चयन किया जाना सम्भव है इसके साथ ही एक बार चयन होने की दशा में उसको बदला भी नहीं जा सकता है और यह स्थिति प्रवेश पंजीकरण के भुगतान से पूर्व की है जबकि इससे पहले विगत वर्ष तक 03 कॉलेज का चयन किया जाता रहा है और भुगतान किये जाने तक कॉलेज चयन में परिवर्तन संभव था। छात्र के प्रवेश पंजीकरण में त्रुटिवश अगर कॉलेज चयन गलत हो रहा है तो उसको सही कराया जाना सम्भव नहीं है। विगत वर्ष तक छात्र का इंटरमीडिएट का अनुक्रमांक दर्ज करते हुए उसका मुख्य विवरण स्वतः ही पोर्टल पर प्रदर्शित होता था लेकिन इस बार ऐसा नहीं है छात्र को सभी विवरण स्वयं दर्ज करने है इसके साथ ही प्रत्येक विषयवार अंको एवं उनका प्रतिशत भी स्वयं ही दर्ज करना है जिससे त्रुटि होंगी और इसमें विवरण को लेकर प्रमाणिकता भी संदेह के दायरे में रहती है।

समर्थ पोर्टल पर प्रवेश पंजीकरण में बोर्ड विवरण के अनुसार डाटा स्वतः ही लॉक हो ऐसी कोई व्यवस्था वर्तमान में नहीं है। समर्थ पोर्टल पर प्रवेश पंजीकरण में ई—मेल की बाध्यता रखी गयी है जबकि आप जानते ही है की विवि0 के अधिकांश छात्र—छात्रा ग्रामीण परिवेश से है ऐसे में ई—मेल की बाध्यता रखते समय पासवर्ड को पुनः खोजने का तो माध्यम पोर्टल पर रखा गया है लेकिन कोई अगर अपनी ई—मेल को भूल जाये तो उसके लिए कोई ऑप्शन पोर्टल पर नहीं है जबकि आप ज्ञात ही है की विवि0 के अधिकार क्षेत्र में आने वाले अधिकांश छात्र साइबर कैफे से अपने कार्यो को पूर्ण कराते है ऐसे में ई—मेल आने वाले समय में एक बड़ी समस्या के रूप में परिलक्षित होगा इसमें कोई संदेह नहीं है।

26/5/25

समर्थ पोर्टल लागू होने से पूर्व संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों में सीट मेट्रिक्स विषयवार निर्धारित थी लेकिन ज्ञात हुआ है की इस बार इस तरह का कोई प्रावधान पोर्टल पर नहीं है जिससे विषय की सीटों में अनुपातिक अंतर बड़े स्तर पर होगा और उसका परिणाम यह होगा की किसी संस्थान में प्रवेश कम होंगे किसी में अधिक और किसी में नगण्य इसलिए **विषयवार सीटों का मेट्रिक्स लागू किया जाना अति आवश्यक है।** समर्थ पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए **संस्थानों को अभी तक लॉगिन उपलब्ध नहीं कराये जाने से वास्तविक स्थिति से सभी संस्थान अनभिज्ञ है** और समर्थ की कार्यप्रणाली को समझने के लिए आवश्यक है की समय से सभी संस्थानों को लॉगिन उपलब्ध करा दिए जाये। **प्रवेश पोर्टल पर अभी भी काफी कॉलेजो के नाम प्रदर्शित नहीं होने से छात्र और संस्थान दोनों में असमंजस है** जिसके लिए सभी संस्थानों के नाम समय से पोर्टल पर अध्तान कर दिए जाये ताकि छात्रों को उनकी सुलभता के अनुसार कॉलेज चयन करने में परेशानी ना हो।

अतः उपरोक्त तारतम्य में आवश्यक है की समय से इन समस्याओ का निराकरण किया जाये ताकि विवि, छात्र और संस्थान सुलभता से प्रवेश प्रक्रिया को समय से पूर्ण कर सके। आशा है इस विषय में आप संबंधितो को निर्देशित करते हुए इस दिशा में सकारत्मक हल निकलाने का प्रयास करेगी।

आदर सहित।

प्रतिलिपि :–

1 – **प्रमुख सचिव,** उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

2 – **प्रवेश समन्वयक,** चौधरी चरण सिंह विवि0, मेरठ।

स्ववित्तपोषित महाविद्यालय संघ
SFCF
SELF FINANCE COLLEGE FEDERATION

भवदीय

26/5/25

(एड0 नितिन यादव)

राष्ट्रीय अध्यक्ष

पत्र फेडरेशन की अधिकृत वेबसाइट **www.sfcf.in** पर **SFCF Desk** में भी अपलोड है। पत्र की आधिकारिक पुष्टि वेबसाइट से की जा सकती है।

Scanned with OKEN Scanner